# अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

क्र./शोध संचा./23/03 दिनांक–23.01.2023

**पीएच.डी. पाठ्यक्रम APSUDET-2022 में पात्र अभ्यर्थियों हेतु कोर्स वर्क की सूचना–**

पीएच.डी. कोर्स वर्क 2022–23 हेतु आनलाइन आवेदन MPOnline पोर्टल (www.apsu.mponline.gov.in) के माध्यम से पात्र अभ्यर्थियों के लिये निम्नानुसार दिनांक 24.01.2023 से 29.01.2023 तक समय वृद्धि किया जाता है।

1. APSUDET–**2022** प्रवेश एव मौखिकी परीक्षा में सभी तरह से अर्ह अभ्यर्थी कोर्सवर्क के लिये पोर्टल पर उपलब्ध लिंक **Course work Fee submission for Ph.D. Course work** के माध्यम से निर्धारित शुल्क जमा कर कोर्सवर्क में सम्मिलित हो सकेंगे। ऐसे अभ्यर्थी जिनका शुल्क आनलाइन पोर्टल पर अनुमोदित नहीं होने से नहीं जमा हो पा रहा है वे अभ्यर्थी अपने आवश्यक अभिलेखों (रू. 100/– के स्टाम्प पेपर पर नोटराइज्ड शपथ पत्र (निर्धारित प्रपत्र पर) की मूलप्रति, एससी./एसटी./ओबीसी. नान क्रीमीलेयर का प्रमाण पत्र) के साथ आनलाइन Approval शोध संचालनालय से कराकर कोर्सवर्क का निर्धारित शुल्क (प्रयोगशाला सुविधा वाले विषयों के लिये रू0 15,000/– तथा बिना प्रयोगशाला सुविधा वाले के लिये रू0 10,000/–) उपरोक्तानुसार जमा कर कोर्सवर्क में सम्मिलित हो सकेंगे।

2. वे अभ्यर्थी जो 2018–19 मे निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद भी अपरिहार्य कारणों से कोर्सवर्क में सम्मिलित नही हो पाये हैं ऐसे अभ्यर्थी निर्धारित शुल्क का 10% अतिरिक्त प्रक्रिया शुल्क (रू. 1000/– बिना प्रयोगशाला वाले रू. 1500/– प्रयोगशाला सुविधा वाले) पोर्टल के लिंक पर Remaining Fee Collection System के माध्यम से जमा कर कोर्सवर्क मे सम्मिलित हो सकेंगे।

3. वे पीएच.डी. उपाधि धारक जो कोर्सवर्क में सम्मिलित होना चाहते हैं उन्हें भी आनलाइन पोर्टल पर निर्धारित शुल्क जमा कर आवेदन करना होगा। ऐसे अभ्यर्थी पोर्टल पर various fee submission system को select करके अपनी जानकारी भरने के साथ Payment Details के Department में Academic को चयन करके fees head Ph.D. तथा उसके अन्दर fee type में Ph.d. Course work (6 month) with or without laboratory चयन करके शुल्क रू0 10,000/–(बिना प्रयोगशाला वाले विषय) अथवा रू0 15,000/–(प्रयोगशाला वाले विषय) जमा कर कोर्सवर्क में सम्मिलित हो सकेंगे।

4. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने यू.जी.सी. गाइडलाइन 2009 अध्यादेश 13 के अनुसार एम.फिल. में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश लेकर कोर्सवर्क उत्तीर्ण किया है उन्हें कोर्सवर्क शुल्क जमा करने की आवश्यकता नही है। उन्हें APSUDET -2022 के साक्षात्कार में उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये शोध संचालनालय में सादे कागज पर कोर्सवर्क की अंकसूची/प्रमाण पत्र के साथ आवेदन करना होगा।

आदेशानुसार,

23/01/23

**संचालक**

**प्रतिलिपि सूचनार्थः–**

1. समस्त विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा।
2. विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर अप्लीकेशन विभाग, कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
3. कुलपति जी के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा।
4. संपादक महोदय,

..............................

कृपया उक्त सूचना अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में समाचार के रूप में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

23/01/23

**संचालक**